सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-429
14/09/2017

इजराइल के राजदूत श्री डेनियल कारमोन ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 14 सितम्बर 2017 :– आज मुख्यमंत्री आवास एक अण्णे मार्ग में इजराइल के राजदूत श्री डेनियल कारमोन ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान इजराइल के राजदूत ने बताया कि इजराइल द्वारा भारत में कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग किया जा रहा है तथा कृषि अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना हो रही है। इसके तहत बिहार के नालंदा में सब्जी से संबंधित तथा वैशाली में लीची और आम से संबंधित अनुसंधान केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। बिहार में स्थापित होने वाले अनुसंधान केन्द्र सेंटर ऑफ एक्सलेंस केन्द्र रहेंगे। इन अनुसंधान केन्द्रों पर किसानों को नई एवं उन्नत तकनीक के संबंध में प्रशिक्षण दी जायेगी। इजराइल के राजदूत ने भविष्य में भी नई तकनीक के क्षेत्र में बिहार को सहयोग प्रदान करने की इच्छा जतायी।

मुख्यमंत्री ने इजराइल के राजदूत श्री डेनियल कारमोन को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह् भेंटकर सम्मानित किया। इजराइल के राजदूत ने भी मुख्यमंत्री को उपहार भेट दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, इजराइल के राजदूत के राजनीतिक सलाहकार श्रीमती अदवा विलचिंसकी भी उपस्थित थीं।

******